खबर संक्षेप

प्राथमिकता वाले कार्य के बेहतर क्रियान्वयन के दिये निर्देश

कटनी। कलेक्टर दिलीप यादव ने जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत विभिन्न विभागों द्वारा संचालित विभागीय गतिविधियों की समीक्षा करते हुए संबंधित विभागों को शासन की प्राथमिकता वाले इस कार्य के बेहतर क्रियान्वयन के निर्देश दिए। जल संसाधन विभाग के कार्यपालन यंत्री वी ए सिद्दीकी द्वारा जिले की नहरों को भू-अभिलेख में शासकीय खसरे में अंकित नहीं कराने, बांधों तथा नहरों को अतिक्रमण से मुक्त कराने के लिए कारगर और प्रभावी पहल नहीं करने और मध्यम और लघु सिंचाई परियोजनाओं में मरम्मत एवं रखरखाव कार्य में कोई रूचि नहीं लेने पर कलेक्टर ने गहन नाराजगी व्यक्त करते हुए कार्यपालन यंत्री जलसंसाधन के विरूद्ध कार्रवाई का प्रस्ताव शासन को प्रेषित करने के निर्देश दिए है।

समीक्षा बैठक आज

कटनी। कलेक्टर दिलीप यादव की अध्यक्षता में मंगलवार को दोपहर 1 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की जायेगी। बैठक के दौरान शाला प्रवेशोत्सव, छात्रवृत्ति, मध्यान्ह भोजन पर चर्चा होगी।

अमीरगंज क्षेत्र में अवैध कालोन निर्माण की शिकायत पर महापौर ने किया निरीक्षण

अवैध कॉलोनी का निर्माण करने वालों के विरूद्ध कार्यवाही करने दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

वार्डों में विकास कार्य सहित मूलभूत सुविधाएं नागरिकों को आसानी से प्रदान की जा सकें इस बात को दृष्टिगत रखते हुए महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी नगर में निर्मित हो रहीं अवैध कालोनी निर्माण को लेकर एक्शन मोड पर दिख रही है। नगर में किसी भी रूप से अवैध कालोनी का निर्माण न हो, इस हेतु निगम के अधिकारियों को वार्ड का निरीक्षण कर इस कार्य की निरंतर मॉनिटरिंग करने तथा नियमों की अनदेखी कर अवैध कॉलोनी का निर्माण करने वाले के खिलाफ विधिसंगत कार्रवाई करने के निर्देश अधिकारियों को दे रखे है।

सोमवार को रविन्द्र नाथ टैगोर वार्ड स्थित अमीरगंज में अवैद्य कालोनी निर्माण की प्राप्त शिकायत को संज्ञान में लेते हुए महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी द्वारा निगम के अधिकारियों के दल बल के साथ रविन्द्र नाथ टैगोर वार्ड का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान स्थल पर अवैध निर्माण पाए जाने पर मेयर श्रीमती सूरी ने अधिकारियों को आरआई एवं पटवारी के माध्यम से स्थल के खसरे एवं नक्शे की जानकारी ली जाकर आवश्यक कार्यवाही करनें के निर्देश दिए। महापौर श्रीमती सूरी ने नगर में नियमानुसार व्यवस्थित तरीके से विकास कार्य कराने के निर्देश देते हुए कहा कि यदि कोई इस व्यवस्था में बाधक बनता है तो उन पर नियमानुसार कार्रवाई करना सुनिश्चित करें।

महापौर ने कहा कि विभाग को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि नगर में किसी भी क्षेत्र में अवैध रूप से कॉलोनी अथवा अन्य निर्माण कार्य न होने दिया जाए। यदि नगर के किसी भी क्षेत्र में अवैध निर्माण की सूचना मिलती है तो तत्काल उक्त स्थल की जांच करते हुए विधिसंगत कार्यवाही की जाए। इतना ही नहीं लोगों को भी अवैध कॉलोनी के संबंध में विभाग द्वारा जागरूक किया जा रहा है कि किसी के बहकावे में आकर अवैध कालोनी में प्लॉट लेकर लोग अपनी मेहनत की कमाई को व्यर्थ न गवाएं।

इस दौरान एमआईसी सदस्य सुभाष शिब्बू साहू, डॉ रमेश सोनी, गोविंद चावला, पार्षद विनोद लाला भुट्टू यादव, पूर्व पार्षद कमलेश चौधरी, विजय डब्बू रजक मौजूद रहे।

राजस्व कार्यों व प्रकरणों में तेजी लाने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने सोमवार को राजस्व अधिकारियों के कार्यों की समीक्षा करते हुए सख्त निर्देश दिए कि गंभीरता एवं प्राथमिकता के साथ राजस्व कार्यों और प्रकरणों में तेजी लाना सुनिश्चित करें। अन्यथा संबंधितों के विरूद्ध कार्यवाही के लिए बाध्य होना पड़ेगा। यह निर्देश कलेक्टर श्री यादव ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में राजस्व अधिकारियों के कार्यों की बिंदुवार समीक्षा के दौरान दिए।इस मौके पर अपर कलेक्टर साधना परस्ते मौजूद रहीं।

कलेक्टर श्री यादव ने राजस्व अधिकारियों को लक्ष्य के अनुरूप राजस्व वसूली सुनिश्चित करने की हिदायत दी। कलेक्टर ने राजस्व अधिकारियों की बैठक में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत राजस्व अभिलेख में अमृत सरोवरों को दर्ज करने तथा आरसीएमएस पोर्टल पर नामांतरण, बटवारा एवं सीमांकन प्रकरणों के निराकरण की स्थिति की तहसीलवार समीक्षा की। उन्होंने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत ई-केवाईसी, सेचुरेशन, आधार बैंक लिंकिंग, सेल्फ रजिस्ट्रेशन और आधार ई-केवाईसी की भी समीक्षा की।

कलेक्टर ने वक्फ संपत्तियों के सत्यापन और उनके वामसी पोर्टल में दर्ज करने की भी तहसीलवार समीक्षा की। कलेक्टर ने सीमांकन और फार्मर आईडी रजिस्ट्री आदि मामलों में भी तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। इसी प्रकार स्वामित्व योजना की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर ने राजस्व न्यायालयों में लंबित दो वर्ष एवं पांच वर्ष से अधिक अवधि के लंबित आवेदनों में शीघ्र कार्यवाही करने के निर्देश दिए। साथ ही नामांतरण एवं बटवारा प्रकरणों में आदेश उपरांत संशोधित खतरे की प्रति प्रकरण में संलग्न कर निराकरण सुनिश्चित करने की हिदायत दी।

बैठक में एसडीएम कटनी प्रदीप कुमार मिश्रा, विजयराघवगढ़ महेश मंडलाई, बहोरीबंद राकेश कुमार चौरसिया और ढीमरखेड़ा विंकी सिंहमारे उइके सहित सभी तहसीलदार, नायब तहसीलदार और अधीक्षक भू-अभिलेख डॉ. राकेश कुमार उपस्थित रहे।

सोलर लाइट खरीदी के प्रकरणों में जिला सीईओ ने की कार्रवाई

बहोरीबंद की 4 पंचायतों से 4 लाख 60 हजार से अधिक राशि की होगी वसूली

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिला पंचायत के सीईओ एवं विहित प्राधिकारी शिशिर गेमावत ने विकासखंड बहोरीबंद की चार ग्राम पंचायतों में हैंडपंप खनन की आहरित राशि एवं सोलर लाइट की नियम विरुद्ध खरीदी के प्रकरणों में सख्त कार्रवाई करते हुए 4 लाख 60 हजार रुपये की वसूली की कार्यवाही हेतु राशि का निर्धारण किया गया हैं।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत बहोरीबंद द्वारा ग्राम पंचायत कूड़न में अनियमित भुगतान और ग्राम पंचायत बड़खेरा भरदा, मोहतरा और पथराड़ी पिपरिया के तत्कालीन सरपंच और सचिव द्वारा भंडार क्रय नियमों का पालन नहीं करते हुए सोलर लाइट की खरीदी और अनियमित व्यय की राशि वसूली करने हेतु प्रस्तावित किया गया था।

ग्राम पंचायतों से होगी वसूली

विकासखंड बहोरीबंद की जिन चार ग्राम पंचायतों द्वारा हैंडपंप खनन का अनियमित भुगतान और सोलर लाइट की खरीदी भंडार क्रय नियमों का पालन नहीं करने पर अनियमित व्यय वसूली की कार्रवाई के आदेश जिला पंचायत के सीईओ और विहित प्राधिकारी श्री शिशिर गेमावत मध्यप्रदेश पंचायत राज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम की धारा 89 के अंतर्गत राशि वसूली के आदेश किए हैं। उनमें ग्राम पंचायत कूड़न के तत्कालीन सरपंच राजाराम कोल, सचिव रम्मूलाल विश्वकर्मा और उपयंत्री शैलेंद्र परिहार से हैंडपंप खनन का अनियमित भुगतान करने पर कुल 1 लाख 26 हजार रुपये में से बराबर बराबर राशि का निर्धारण किया गया है। चूंकि राजा राम कोल की मृत्यु हो चुकी है तो इस स्थिति में इस राशि की वसूली उनकी वारसानों/उतराधिकारियों से की जा सकती है

ग्राम पंचायत बरखेड़ा भरदा के तत्कालीन सरपंच दुर्गा बाई और सचिव प्रियंका मिश्रा से पांच नग सोलर लाइट के विरुद्ध 1 लाख 65 हजार रुपये में से बराबर-बराबर, ग्राम पंचायत मोहतरा के तत्कालीन सरपंच अभय कुमार एवं सचिव दालचंद झरिया से तीन नग सोलर लाइट खरीदी पर 99 हजार रूपये में से बराबर-बराबर राशि, ग्राम पंचायत पथराड़ी पिपरिया की तत्कालीन सरपंच किरण नायक और सचिव भागवती पटेल से दो नग सोलर लाइट खरीदी के विरुद्ध 70 हजार रूपये में से बराबर-बराबर वसूली की जाएगी।

इस संबंध में जिला पंचायत के सीईओ एवं विहित प्राधिकारी श्री गेमावत ने सर्व संबंधित ग्राम पंचायतों के तत्कालीन सरपंच और सचिवों को उपस्थित होकर उत्तर देने हेतु पर्याप्त अवसर दिया था। किंतु समाधान कारक जवाब प्रस्तुत नहीं किए जाने पर वसूली की राशि का निर्धारण किया गया। वसूली योग्य अधिरोपित राशि 15 दिन में जमा नहीं की जाती है तो प्रकरण दर्ज कर वसूली कार्यवाही होगी।

बिजली चोरी एवं अनियमितताओं के प्रकरण में होंगे समझौते

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

शनिवार 10 मई को नेशनल लोक अदालत आयोजित होगी। इसमें बिजली चोरी एवं अनियमितताओं के प्रकरण को समझौते के माध्यम से निराकृत किया जाएगा। विद्युत वितरण कंपनी द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि धारा 135 के अंतर्गत अदालत में लंबित प्रकरणों के निराकरण के लिये निम्न दाब श्रेणी के समस्त घरेलू, समस्त कृषि, 5 किलोवॉट तक के गैर घरेलू एवं 10 अश्व शक्ति भार तक के औद्योगिक उपभोक्ताओं को ही प्रकरणों में छूट दी जाएगी। ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने विद्युत अधिनियम 2003 धारा 135 के अंतर्गत न्यायालयों में लंबित प्रकरणों के निराकरण के लिए विद्युत उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे अप्रिय कानूनी कार्रवाई से बचने के लिए अदालत में समझौता करने के लिए संबंधित बिजली कार्यालय से संपर्क करें।

प्री-लिटिगेशन स्तर पर - कंपनी द्वारा आंकलित सिविल दायित्व की राशि पर 30 प्रतिशत एवं आंकलित राशि के भुगतान में चूक किये जाने पर निर्धारण आदेश जारी होने की तिथि से 30 दिवस की अवधि समाप्त होने के पश्चात प्रत्येक छः माही चक्रवृद्धि दर अनुसार 16 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से लगने वाले ब्याज की राशि पर 100 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। **लिटिगेशन स्तर पर** - कंपनी द्वारा आकलित सिविल दायित्व की राशि पर 20 प्रतिशत एवं आकलित राशि के भुगतान में चूक किये जाने पर निर्धारण आदेश जारी होने की तिथि से 30 दिवस की अवधि समाप्त होने के पश्चात प्रत्येक छः माही चक्रवृद्धि दर अनुसार 16 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से लगने वाले ब्याज की राशि पर 100 प्रतिशत छूट दी जाएगी।

कलेक्टर द्वारा जिले को जल अभावग्रस्त क्षेत्र किया गया है घोषित

कटनी नदी से पानी खींचने पर 3 किसानों के मोटर पंप किए जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

नगर निगम द्वारा कटनी नदी में लगाये जा रहे मोटर पम्पों से पानी खींचने वालों पर निरंतर मोटर पंप जब्त करने की कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में किसान नरेंद्र तिवारी, सुभाष यादव, गेंदलाल यादव ग्राम घिनौची द्वारा मोटर पंप लगाकर पानी खींचने पर निगम द्वारा तीन मोटर पंप जब्त किए गए है। इसके पूर्व शुक्रवार 2 मई को निगम द्वारा दो किसानों पर कार्यवाही करते हुए दो मोटर पम्प जब्त किए गए थे।

विदित हो कलेक्टर द्वारा पेयजल परिरक्षण अधिनियम के तहत कटनी जिले को जल अभावग्रस्त क्षेत्र घोषित करते हुए सार्वजनिक जलस्त्रोतों का पेयजल के अलावा उपयोग करने पर रोक लगाते हुए आदेश जारी किया है एवं जारी आदेश का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध दंडात्मक कार्यवाही किये जाने के भी निर्देश दिए हैं। निर्देशों के परिपालन में नगर निगम कटनी द्वारा कटनी नदी में लगाये जा रहे मोटर पम्पों को जब्त करने की कार्यवाही निरंतर की जा रही है।

पुलिस ने नाबालिग को दस्तयाब कर परिजनों को सौंपा

ढीमरखेड़ा। पुलिस द्वारा चलाए जा रहे मुस्कान अभियान के तहत ढीमरखेड़ा पुलिस ने एक नाबालिग की दस्तयाबी किया है। पुलिस ने परिजनों को बुलाकर उनके हवाले किया।ढीमरखेड़ा थाना प्रभारी मोहम्मद शाहिद खान ने बताया कि थाना क्षेत्र के एक गांव से 28 अप्रैल को एक नाबालिग बिन बताएं लापता हो गई थी। परिजनों ने खूब प्रयास किया, लेकिन पता नहीं चला। परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने 5 मई को नाबालिग को दस्तयाब कर परिजनों के सुपुर्द किया। इस दौरान एएसआई महेश झारिया,प्रधान आरक्षक दीपक श्रीवास, आरक्षक दुर्गा शुक्ला का सराहनीय भूमिका रही।

कलेक्टर ने की ई-ऑफिस, स्थानांतरण प्रस्ताव की समीक्षा

शिकायतों के निराकरण में रूचि लेकर करें कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने सोमवार को आयोजित समय-सीमा बैठक में सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों, गेहूँ उपार्जन, ई-ऑफिस प्रणाली और जल गंगा संवर्धन अभियान सहित नरवाई और पेयजल परिवहन तथा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की समीक्षा करते हुए राज्य शासन द्वारा हाल ही में जारी स्थानांतरण नीति के निर्देशों के अनुरूप जिला संवर्ग के कर्मचारियों के स्थानांतरण प्रस्ताव ऑनलाइन प्रस्तुत करने की हिदायत दी।

बैठक में जिला पंचायत के सीईओ शिशिर गेमावत और अपर कलेक्टर साधना परस्ते मौजूद रहे।

कलेक्टर श्री यादव ने जिले के कार्यालयों में ई-ऑफिस प्रणाली की अद्यतन स्थिति की समीक्षा करते हुए कहा कि जिन विभागों का ई-ऑफिस में रजिस्ट्रेशन हो गया है वे सभी विभाग नस्तियों का परिचालन ई-ऑफिस प्रणाली के तहत करें।

बैठक में जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी प्रफुल्ल श्रीवास्तव ने बताया कि जिले में अब तक 42 विभागों ने 576 फाइलें ई-ऑफिस प्रणाली से परिचालित किया है। कलेक्टर ने ई-ऑफिस प्रणाली के संबंध में कार्य नहीं शुरू करने वाले 4 विभागों आरटीओ, जल संसाधन, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र तथा जिला खनिज अधिकारी द्वारा रूचि नहीं लेने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए तत्काल ई-मेल आदि जेनरेट करवाकर प्रक्रिया शुरू करने की हिदायत दी। जिला प्रबंधक मप्र स्टेट सिविल सप्लाइज कॉरपोरेशन, मध्यप्रदेश ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण, अंत्यावसायी, वेयरहाउस कॉरपोरेशन व जिला परियोजना समन्वयक जिला शिक्षा केन्द्र तथा जिला संयोजक आदिम जाति कल्याण विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के ई-मेल अतिशीघ्र बनवाने के निर्देश कलेक्टर ने दिए।

गेहूँ उपार्जन की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने परिवहन कार्य में तेजी लाने और किसानों का भुगतान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। हाल ही में राज्य शासन द्वारा नई स्थानांतरण नीति के पालन में जिला संवर्ग के कर्मियों का ऑनलाइन प्रस्ताव तैयार कर भेजने के निर्देश दिए। बैठक में जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास नयन सिंह आदि उपस्थित रहे।

खबर संक्षेप

बका लेकर घूम रहे युवक को किया गया गिरफ्तार

उमरियापान। बका लेकर घूम रहे एक युवक को उमरियापान पुलिस ने गिरफ्तार किया हैं। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है। थाना प्रभारी दिनेश तिवारी ने बताया कि टोला रोड़ में क्यूली तलाब के पास रविवार को बका लेकर आम रास्ते से आने जाने लोगों को गाली गलौज कर डराने धमकाने वाले युवक को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में युवक ने अपना नाम रोहित उर्फ सतीष पिता धर्मेन्द्र कोरी 24 मझगंवा थाना के खबरा निवासी होना बताया। पुलिस ने युवक के कब्जे से एक धारदार बका जब्त किया।पुलिस ने कार्रवाई करते हुए न्यायालय में पेश किया जहां से युवक को जेल भेजा गया।

ट्रक की टक्कर लगने से महिला की हुई मौत

कटनी। कुठला थाना अंतर्गत खड़ौला में ट्रक की टक्कर से पैदल घर जा रही महिला की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार खड़ौला निवासी वर्षा यादव 30 वर्ष जो कि बीती शाम खड़ौला के बाजार आई हुई थी। महिला बाजार कर घर जा रही थी। इसी दौरान एक ट्रक ने महिला को टक्कर मार दी। घटनास्थल पर ही महिला की मौत हो गई। घटनास्थल पर लोगो की भीड़ एकत्रित हो गई। पुलिस को सूचना मिलने के बाद 108 एबुलेंस की मदद से महिला के शव को जिला अस्पताल लाया गया। बताया जा रहा ट्रक चालक घटनास्थल से फरार हो गया।

कांग्रेस 9 मई को करेगी संविधान बचाओ आंदोलन

कटनी। जिला कांग्रेस सेवादल कटनी की उक्त आंदोलन की भूमिका और नीति निर्धारित करने के लिए प्रभारी विवेक पांडेय गोल्डन द्वारा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में प्रभारी विवेक पांडेय गोल्डन ने संविधान की मूल भावना को अवगत कराते हुए बताया कि संविधान भारत देश की आत्मा है जिसमें शामिल मूल अधिकारों और नीति निर्धारक नियमों के आधार पर सैकड़ों वर्षों से भारत देश प्रगति कर रहा है और आज संविधान को बदलने की कोशिश की जा रही है। जिला कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष पंकज गौतम ने प्रभारी को आश्वस्त कराया कि संविधान बचाओ अभियान में सेवादल के सदस्यों द्वारा महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन किया जाएगा। बैठक में प्रभारी विवेक पांडेय गोल्डन, पंकज गौतम, मनोज गुप्ता एडवोकेट, जीवेश खरे, पार्थ समाधिया एडवोकेट, इंदरजीत सिंह, हिमांशु तिवारी, मंगल सिंह, आशीष अंकित चतुर्वेदी, अरशद खान, ब्रजेश मौर्य, उदय सिंह गौड़, उदय पटेल, पंकज सोनी, अभिषेक मौर्य, पवन यादव, संदीप यादव आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

चलती ट्रेन में बदमाशों ने की मारपीट व लूटपाट

कटनी। पश्चिम मध्य रेलवे के जबलपुर रेल मंडल के बांदकपुर-कटनी मुड़वारा के बीच बदमाशों ने चलती ट्रेन में जमकर उत्पात मचाया और यात्रियों के साथ लूटपाट और मारपीट की। इस घटना में आधा दर्जन यात्रियों के घायल होने की खबर है, जिन्हें बीती देर रात कटनी जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस घटना की जानकारी लगते ही रेलवे सुरक्षा बल (आरपीफ) और शासकीय रेल पुलिस (जीआरपी) में हड़कंप मच गया। घायलों का इलाज जिला अस्पताल में जारी है। बताया जा रहा है कि बीना से कटनी मुड़वारा स्टेशन तक आने वाली मेमो पैसेंजर ट्रेन नंबर 61619 जैसे ही मुड़वारा स्टेशन पर पहुंची, उसमें सवार यात्रियों ने हंगामा शुरू कर दिया। जानकारी के अनुसार, सभी घायल यात्री बांदकपुर मंदिर से दर्शन कर लौट रहे थे। पीड़ितों के अनुसार, सलैया स्टेशन से 7-8 अज्ञात युवक ट्रेन में सवार हुए। युवकों ने पहले कुछ यात्रियों से विवाद किया जो जल्द ही हाथापाई में बदल गया। हमलावरों ने बांदकपुर से लौट रहे श्रद्धालुओं पर अचानक हमला कर दिया। बीच-बचाव करने की कोशिश करने वालों को भी धमकाया गया। इस हमले में 6 यात्री घायल हुए हैं, जिनमें एक महिला श्रद्धालु को गंभीर चोटें आईं और उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायल यात्रियों ने बताया कि हमलावर उनका मोबाइल फोन और नकदी भी लूटकर मौके से फरार हो गए।

अंतर्राज्जीय बस स्टैण्ड एवं हवाई पट्टी की सुविधा के लिए बाट जोह रहा जिला, नहीं किये जा रहे गंभीरता से प्रयास

सफेद हाथी साबित हो रही जिले की दो खास सौगातें

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिले में वर्षों दो महत्वपूर्ण सौगातें मिलना सफेद हाथी साबित हो रही हैं। जनप्रतिनिधियों की उदासीनता एवं प्रशासनिक अनदेखी की वजह से जिले के नागरिकों को आज तक न तो हवाई पट्टी की सौगात मिल सकी हैं और न ही अंतर्राज्जीय बस स्टैण्ड की सुविधा। दो खास सौगातों के लिए कई बार पत्राचार किया गया लेकिन सरकार से हरी झंडी नहीं मिल पाने की वजह से ये आज भी खटाई में पड़ी हैं। अगर हवाई पट्टी एवं अंतर्राज्जीय बस स्टैण्ड की सुविधा मिल जाती है तो न सिर्फ जिले का विकास और अधिक हो जाएगा बल्कि लोगों को कई परेशानियों से भी निजात मिल सकेगी।

जिले में औद्योगिक विकास की संभावनाओं के मददेनजर हवाई पटटी के निर्माण का प्रस्ताव लगभग एक दशक से ज्यादा समय से फाइलों में सिमटकर रह गई है। कटनी जिला खास अहमियत रखता है, बावजूद इसके उपेक्षित है। इसकी मुख्य वजह यह है कि जनप्रतिनिधियों द्वारा पूरी तन्मयता के साथ ध्यान नहीं दिया जा रहा और अधिकारी भी सिर्फ पत्राचार तक सीमित हैं। मार्बल उद्योग, आयरनओर का बड़ा कारोबार, डोलोमाइट की पर्याप्त उपलब्धता, दुनिया में जाहिर कटनी का सेंड स्टोन, राइस मिलें, दाल मिलें, रेत की खदानें, परचून, सराफा और कपड़ा सहित सहित ड्रोन हब कटनी बनने जा रहा है, कई मायनों में कटनी जिला खास अहमियत रखता है। शहर व्यापारिक मिनी राजधानी है। आज की भागदौड़ भरी जिदंगी में हवाई सुविधा कटनी के लिए बेहद जरूरी है, ताकि जिले में निवेश करने वाले लोग दिल्ली, मुंबई सहित बड़े महानगरों से आसानी से पहुंच सकें, देश-दुनिया के लोग शहर से जुड़ सकें, लेकिन कटनी में हवाई पट्टी बनाने के लिए घोषणा के 12 साल बाद भी अबतक इसमें कोई अमल नहीं हो पाया है।

गौरतलब है कि 2012 में खजुराहो इंटरनेशन ग्लोबल मीट का आयोजन हुआ था जिसमें पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने हवाई पट्टी बनाए जाने की बात कही थी। बजट में 2013 में एक लाख रुपये तत्कालीन विधायक ने स्वीकृत कराए, ताकि प्रोविजन होने से वह काम शासन की वर्किंग में आ जाए। एयर स्ट्रिप बनने से उद्योग, पर्यटन की दृष्टि से कटनी का विकास होगा। कुछ साल पहले मेक्सिको कंपनी आकर हवाई अड्डा बनाने के लिए सर्वेक्षण कर गई है, लेकिन अभी तक मुख्यमंत्री की घोषणा पर प्रशासनिक

व जिम्मेदार विभाग ने गंभीरता से - ध्यान नहीं दिया है। वर्ष 2009 में तत्कालीन विधायक गिरिराज किशोर पोद्दार ने विधानसभा में प्रश्न लगाया और कहा कि कटनी जिले में हवाई पट्टी का निर्माण किया जाए। इस पर 6 अक्टूबर 2009 को कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग को कलेक्टर की ओर से पत्र गया था कि अतिशीघ्र प्रक्कलन बनाकर दिया जाए। 11 जनवरी 2010 को कलेक्टर कार्यालय से सूचना आई कि विमानन विभाग को पत्राचार किया गया है। इसके बाद 19 फरवरी 2010 को सूचना दी गई कि 4 मार्च 2010 को सचिव विमानन विभाग को पत्र लिखा गया है। 17 जुलाई 2012 के जवाब में कहा गया सीएम ने बजट के आधार पर राज्य शासन द्वारा हवाई पट्टी निर्माण के लिए सैद्धांतिक निर्णय लिया गया है।

कटनी देश का महत्वपूर्ण जंक्शन है। जंक्शन में होने के साथ ही देश के प्रमुख शहरों से रेल कनेक्टिविटी है। कटनी से मध्यप्रदेश के तीन टाइगर रिजर्व बांधवगढ़, पन्ना, रीवा तक पहुंचने के लिए सुलभ मार्ग हैं। इन सुविधाओं को ध्यान में रखकर देशी और विदेशी पर्यटक बड़ी संख्या में कटनी पहुंचते हैं। मैहर धाम, शारदा धाम विगढ़, कोनिया धाम आदि पर्यटकों की सुविधा को भी ध्यान में रखकर हवाई पट्टी निर्माण आवश्यक है। किसी को इमरजेंसी में बेहतर इलाज की जरुरत पड़ जाए तो एयर एंबुलेंस से बड़े शहरों तक जल्दी पहुंचाना संभव नहीं है। जिलें में हवाई पट्टी निर्माण के बाद दूसरे शहरों तक पहुंचने में समय की बचत होगी।

प्रियदर्शनी बस स्टैण्ड पर दवाब

करीब आठ वर्ष पहले अंतरराज्जीय बस स्टैंड का नाम जुड़ा था। शासन से मिली हरी झंडी के बाद जिला प्रशासन की ओर से भी पहल करते हुये न सिर्फ भूमि का चयन कर लिया गया था बल्कि आंवटन प्रक्रिया पूरी करने के साथ ही जल्द ही निर्माण की उम्मीद की जा रही थी। 50 करोड़ रुपये की लागत से अंतर्राज्यीय बस स्टैंड के निर्माण का प्रमुख उद्देश्य शहरवासियों को महानगरों की यात्रा सेवा सुलभ कराना था । आठ साल बीतने के बाद भी आईबीटीएस का निर्माण शुरु नहीं हो पाया है । गौरतलब है कि नगर में एकमात्र प्रियदर्शनी बस स्टैंड है। करीब 3 दशक पहले जिस समय बस स्टैंड का निर्माण कराया गया था उस समय के लिहाज से बस स्टैंड माकूल व सुविधाजनक था। आज की स्थिति में यात्री बसों की क्षमता बढ़ जाने के बाद बस स्टैंड की जगह भी कम पड़ने लगी है।

अंतरराज्जीय बस स्टैंड के लिये ट्रांसपोर्ट नगर के समीप 15 एकड़ जमीन तो मिल गई है। रिकार्ड में परिवहन विभाग के अधीन भी हो गई है, पर बस स्टैंड का निर्माण कार्य शुरू नही हो पाया है। शहर के प्रियदर्शनी बस स्टैंड से जबलपुर, सतना, रीवा, मैहर, पन्ना सहित अन्य जिलो के लिये हर दिन लगभग 200 बसें संचालित होती है। अंतराज्जीय बस स्टैंड निर्माण के लिये अप्रैल 2017 में कलेक्टर द्वारा 15 एकड़ जमीन परिवहन विभाग को आवंटित की गई है लेकिन आज तक उस पर कोई प्रक्रिया नही हो पाई है। जिले में अंतरराज्जीय बस स्टैंड के निर्माण से यात्रियो को सहूलियत होगी। एक ही बस स्टैंड से आसानी से बसें मिलनी लग जायेगी। लगभग 15 एकड़ में बस स्टैंड बनने से बसों को खड़ा होने के लिये पर्याप्त जगह मिलेगी। बाहर से आने वाले यात्रियो को भी सुविधा होगी।

सीधी कनेक्टीविटी का लाभ

अन्तर्राज्जीय बस स्टैंड का निर्माण हो जाता है तो प्रियदर्शनी बस स्टैंड में भी वाहनो का दवाब कम होगा। यात्रियों को भी सुविधा होगी। जानकारी अनुसार रीवा से नागपुर , बनारस से महाराष्ट्र के बीच चलने वाली लंबी दूरी की आधा दर्जन लग्जरी बसें शहर के प्रियदर्शिनी बस स्टैंड तक नहीं आती हैं । जरूरतमंद यात्री को रात्रिकाल में चाका बाईपास में रोड किनारे इनका इंतजार करने मजबूर रहना पड़ता था । आईबीटीएस बनने और यहां से होकर गुजरने वाली बसों के ठहराव से शहरवासियों को कटनी से यूपी , छत्तीसगढ़ एवं महाराष्ट्र की सीधी कनेक्टिविटी का लाभ मिलेगा आईबीटीएस निर्माण के लिए जमीन का आवंटन तो हो गया था लेकिन आगे की कार्रवाई नगरीय प्रशासन विभाग भोपाल में अटकी है । आठ साल बीतने के बाद भी जनप्रतिनिधियों ने भी कोई सार्थक प्रयास नहीं किये। यह सौगात मिलने से यात्रियों को काफी राहत मिलेगी।

जल स्त्रोत को सुरक्षित एवं जल को निर्मल बनाना था उद्देश्य

बाकल में करीब तीन सौ वर्ष पुरानी बावड़ी की की गई साफ-सफाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा विकासखंड बहोरीबंद की नवांकुर संस्था पटना मढ़िया सेक्टर बाकल की समितियों एवं मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम कर रहे छात्र-छात्राओं के सहयोग से ग्राम पंचायत बाकल के बावली मंदिर में जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत बावड़ी की सफाई कर कचरे का उचित निदान किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य जल स्त्रोत को सुरक्षित और जल को निर्मल बनाना था।

कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों और छात्र-छात्राओं को बावड़ी के इतिहास के बारे में जितेंद्र दुबे के द्वारा बताया गया। यह बावड़ी लगभग 300 वर्ष पुरानी है और इसका निर्माण नयनसुख परसोका दुबे के द्वारा ग्रामवासियो को शीतल पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से किया गया था।

कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने बावड़ी की सफाई में सक्रिय रूप से भाग लिया और जल स्त्रोत को सुरक्षित बनाने के लिए काम किया। इस कार्यक्रम के माध्यम से लोगों को जल संरक्षण और स्वच्छता के महत्व के बारे में जागरूक किया गया। साथ ही सभी ने जल संरक्षण हेतु शपथ दिलाई गई

कार्यक्रम में सरपंच मनोज कुमार लोधी, विकासखंड समन्वयक अरविंद शाह, सचिव बेडीलाल चौधरी ,समाजसेवी राजीव लोधी, स्व-सहायता समूह की बहनें, मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम के परामर्शदाता अवधेश बैरागी, उमा अवस्थी, नवांकुर संस्था से धनीराम लोधी, सुरेंद्र सिंह चक्रवर्ती, सरजू प्रसाद श्रीवास, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति से कमल सिंह पटैल, मनोज कुमार, संस्कार युवा समिति एवं अन्य सदस्यगण और सीएमसीएलडीपी छात्र-छात्राओं नंदिता लोधी, सुष्मिता लोधी प्रियंका अग्रवाल, प्रीती यादव, बवीता लोधी कृष्णा पटेल ने भाग लिया।

कटाएघाट में चलाया गया विशेष सफाई अभियान

जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जन सहयोग के माध्यम से जल स्रोतों नदी तालाबों,रपटा,कुआं बावड़ी के संरक्षण एवं पुनर्जीवन हेतु अभियान चला कर विभिन्न प्रयास किए जा रहे हैं। अभियान अंतर्गत महापौर प्रीति संजीव सूरी ,आयुक्त नीलेश दुबे के निर्देशन में कटाये घाट नदी में विशेष सफाई अभियान चलाकर नदी में जमा जलकुंभी को हटाने की कार्यवाही करते हुए स्वच्छता,जल संवर्धन एवं जल संरक्षण का संदेश दिया गया। विदित हो शासन के निर्देशानुसार प्रदेश भर में 30 मार्च से 30 जून तक जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत जल संरक्षण से संबंधित अनेक गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं ।जिनमें आमजन को जल संरक्षण के प्रति जागरूक करने के लिए चित्रकला,पोस्टर बैनर, सहित नदियों की साफ-सफाई गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। साथ ही निकाय द्वारा नि :शुल्क सार्वजनिक प्याऊ,कूप मरम्मत, सहित अनेक कार्य किए जा रहे हैं तथा नागरिकों को जल संरक्षण की शपथ भी दिलाई जा रही है।

आईपीएल सटोरियों पर नक़ेल कसने पुलिस ने चलाया चेकिंग अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

थाना प्रभारी माधवनगर अभिषेक चौबे ने पुलिस बल के साथ पूर्व से दर्ज सट्टे के आरोपियों एवं संदिग्धों को चेक किया यह चेकिंग उसे समय की गई जिस समय की आईपीएल का मैच जारी था इसके बाद भी पुलिस ने चेकिंग कार्रवाई की। पुलिस का कहना है कि लगातार संदेही सटोरियों के ठिकानों पर उनको तलाश किया जा रहा है और साक्ष्य मिलते ही उनके खिलाफ में कार्रवाई की जाएगी

यह कार्यवाही अभिजीत कुमार रंजन पुलिस अधीक्षक कटनी के कुशल निर्देशन, डॉ. संतोष डेहरिया अति. पुलिस अधीक्षक एवं ख्याति मिश्रा नगर पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक अभिषेक चौबे के नेतृत्व में माधवनगर पुलिस के द्वारा की गई । पुलिस ने चेकिंग दौरान विनय विरवानी, नीरज उर्फ नीरू, अजय नागवानी, कैलाश उर्फ कैलू अजय पंजवानी राहुल चावला उर्फ बनटा, पिंका चावला को चेक किया गया। थाना प्रभारी अभिषेक चौबे ने जानकारी देते हुए बताया कि थाने के रिकॉर्ड का अवलोकन किया गया और पुराने सटोरियों पर नकेल कसने के लिए उनकी चेकिंग की गई। यह कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी यदि कोई भी व्यक्ति सटोरियों के बारे में सूचना देता है तो वह थाना माधव नगर में संपर्क कर सकता है और सूचना देने वाले व्यक्ति के नाम की जानकारी भी गोपनीय रहेगी।

पुलिस की इस चेकिंग अभियान में वरिष्ट अधिकारीगण के निर्देशन मार्गदर्शन में निरीक्षक अभिषेक चौबे के नेतृत्व में उनि दिनेश कुरेशिया, प्रधान आरक्षक अविनाश मिश्रा, आरक्षक लोकेंद्र सिंह, अनूप सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

छात्र छात्राओं ने चलाया जागरूकता अभियान

जन भागीदारी से श्रमदान कर सोख्ता गड्ढा बनाकर जल संवर्धन का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक डॉ. तेजसिंह केशवाल के मार्गदर्शन और विकासखंड समन्वयक बालमुकुंद मिश्र के नेतृत्व में मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के परामर्शदाता और छात्र-छात्राओं के सहयोग से पहाड़ी सेक्टर- 4 के ग्राम भनपुरा नंबर -2 मैं जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत अभियान की जागरूकता के लिए ग्राम वासियों के साथ दीवार लेखन एवं रैली के माध्यम से जल संरक्षण का संदेश दिया। साथ ही हैंड पंप के आसपास साफ-सफाई जन भागीदारी और श्रमदान सोख्ता गड्ढा बनाकर जल संवर्धन का संदेश दिया।

इस संदेश से प्रेरित होकर ग्राम वासियों ने स्थानीय हैंड पंप के आसपास के कचरा और गंदगी की श्रमदान से साफ-सफाई मैं सहभागिता की। जन अभियान परिषद द्वारा नियमित रूप से गांव-गांव में मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के परामर्शदाताओं, और छात्र-छात्राओं के सहयोग से रैली, दीवार लेखन, चौपाल और संगोष्ठी के माध्यम से जन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जिसके परिणाम स्वरूप जल गंगा संवर्धन अभियान से जुड़कर ग्राम वासी जल संरक्षण के लिए तन और मन से अपना सहयोग प्रदान कर रहे हैं।

इस आयोजन में मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व जनता विकास कार्यक्रम की परामर्शदाता संयोगिता मिश्रा, छात्रा नीतू गड़ारी, काजल, सरला सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासियों की सहभागिता रही। कार्यक्रम के अंत में ग्राम वासियों को जल संरक्षण हेतु शपथ दिलाई गई।

लुर्मी के बड़ा तालाब जीर्णोद्धार का कार्य प्रारंभ

विकासखंड बड़वारा के ग्राम पंचायत लुर्मी मे जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत स्वीकृत बड़ा तालाब जीर्णोद्धार एवं विस्तारीकरण का कार्य प्रारंभ किया गया। इस कार्य की कुल स्वीकृति लागत 9.75 लाख रूपये है। मनरेगा योजना मे पदस्थ अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अजीत सिंह ने बताया कि कार्य पूर्ण होने पर जहां एक ओर जल संरक्षण को प्राथमिकता मिलेगी। वहीं दूसरी ओर जैव विविधता को बढ़ावा मिलेगा।

बैठक में अमले को अधिक से अधिक राजस्व वसूली के दिए निर्देश

10 मई को पांच स्थलों में आयोजित होगी नेशनल लोक अदालत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

नागरिकों के बकाया निगम करों को जमा करने हेतु शनिवार 10 मई को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत को सफल बनाए जाने तथा पक्षकारों को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी और निगमायुक्त नीलेश दुबे के निर्देश पर सोमवार को राजस्व अधिकारी जागेश्वर पाठक द्वारा निगम के राजस्व विभाग के अधिकारी कर्मचारियों के साथ बैठक का आयोजन किया गया।

यहां आयोजित होगी लोक अदालत

बैठक में नेशनल लोक अदालत के दौरान नागरिकों को निगम करों को जमा करने की सुविधा हेतु विभिन्न पांच स्थलों नगर निगम कार्यालय, बस स्टेंड पुलिस चैकी के पास, दुर्गा चैक खिरहनी, माधवनगर उपकार्यालय एवं सुभाष चैक में बनाए जाने वाले काउंटर एवं उनमें कराई जानें वाली व्यवस्थाओं सहित लोक अदालत के दौरान प्रदान की जाने वाली छूट की जानकारी उपस्थित राजस्व अमले को दी गई। अधिक से अधिक नागरिक लोक अदालत का लाभ उठा सके इस हेतु वार्डवासियों को लोक अदालत के आयोजन की तिथि एवं स्थल की सूचना देकर बकाया शुल्क जमा करने हेतु आग्रह किए जाने के निर्देश दिए गए।

बैठक में वसूलीकर्ताओं से जीआईएस सर्वे फार्म के वितरण की जानकारी ली जाकर सर्वे डाटा परीक्षण कर मई माह में शत - प्रतिशत वितरण करनें, वित्तीय वर्ष के बकायादारों से बकाया राशि की वसूली हेतु वारंट की आगामी कार्यवाही करनें के निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान कर निर्धारण एवं नामांतरण के प्रकरणों, बाजार शाखा की वसूली की समीक्षा की जाकर ऐसे दुकानदार जिनपर तालाबंदी की कार्यवाही किये जाने के उपरांत बकाया राशि जमा नहीं की गई है उन्हे पुनः नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए।

राजस्व अधिकारी ने निर्देशित किया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में निर्धारित लक्ष्य अनुरूप प्रतिदिन 2 रसीद काटनें एवं वसूली कार्य में किसी भी प्रकार की कोताही नहीं की जाएगी। बैठक के दौरान सहायक राजस्व अधिकारी श्री सागर नायक को 40 लाख रूपये, राजस्व उपनिरीक्षक मुकेश राजपूत को 25 लाख रूपये, प्रकाश पांडेय को 30 लाख रूपये, लवकुश तिवारी एवं राजकुमार प्यासी को 20 लाख रूपये की वसूली का लक्ष्य निर्धारित किया जाकर लक्ष्य अनुरूप वसूली कार्य करनें के निर्देश दिए गए।

छूट की दें जानकारी

बैठक के अंत मे उपस्थित राजस्व अमले को वित्तीय वर्ष 2025-26 में वर्तमान में कर जमा करनें पर प्रदाय की जा रही छूट का व्यापक प्रचार-प्रसार करते हुए अधिक से अधिक सालहाल का कर जमा करानें तथा लोक अदालत का लाभ अधिक से अधिक नागरिकों को प्रदान करनें के निर्देश दिए।

सड़क हादसे में बाइक सवार दो युवकों की मौत, एक घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

मोटरसाइकिल से बारात में शामिल होने जा रहे तीन युवकों को चार पहिया वाहन ने टक्कर मार दी। घटना इतनी भयानक थी कि मौके पर दो युवकों की मौत हो गई जबकि एक युवक घायल है। घटना ढीमरखेड़ा थाना क्षेत्र के झिन्ना पिपरिया की हैं। पुलिस प्रकरण दर्ज कर मामले की विवेचना में जुटी है।

जानकारी के मुताबिक दशरमन निवासी रोहित पिता छोटू लाल कोल (19) बघराजी निवासी अंकित पिता अशोक कोल(25) और दशरमन कवि पिता कढोरी कोल (20) तीनों बीती रात को एक ही मोटरसाइकिल से खाम्हा परसेल से भमका की तरफ बारात में जा रहे थे। झिन्ना पिपरिया में चंडी माता मंदिर के पास मोटरसाइकिल रोककर तीनों रुके। कवि मोटरसाइकिल से नीचे उतरा जबकि रोहित और अंकित दोनों मोटरसाइकिल पर बैठे रहे। इसी दौरान पीछे से एक चार पहिया कार ने सड़क किनारे खड़ी मोटरसाइकिल पर टक्कर मार दी।टक्कर इतनी भयानक थी कि मोटरसाइकिल पर बैठे दोनों युवक उचटकर आगे की तरफ लगे बिजली खम्भे से जा टकराए। वहीं कवि को भी चोटें पहुचीं। तीनों को उमरियापान अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहाँ पर डॉक्टर ने रोहित और अंकित को मृत बता दिया। जबकि कवि का उपचार जारी है। पुलिस ने उमरियापान अस्पताल में पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया।

थाना प्रभारी मोहम्मद शाहिद खान ने बताया कि टक्कर मारने वाले वाहन को जब्त किया है। चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया है। पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच में जुटी है।

खबर संक्षेप

जिला अस्पताल के सामने दुकानदारों द्वारा किए गए अतिक्रमण पर चला बुलडोजर

पन्ना हरिभूमि न्यूज । जिला अस्पताल पन्ना के सामने बनी सरकारी दुकानों के बाहर दुकानदारों के द्वारा टीन सेड लगवा कर सड़क तक कब्जा कर लिया गया था, इन दुकानों में आने वाले ग्राहक अपने दो पहिया व चार पहिया वाहन सड़क में खड़े करते थे ऐसे में अन्य वाहनों को आवागमन में परेशानी होती थी एवं जाम की स्थिति बनती थी, कई बार एक्सीडेंट में घायल या गंभीर बीमार व्यक्ति को लेकर आने या जाने वाली एंबुलेंस भी जाम में फंस जाती थी, लगातार मिल रही शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए एवं सड़क सुरक्षा समिति की बैठक के दौरान दिए गए निर्णय के अनुसार कलेक्टर के निर्देश पर एसडीएम संजय कुमार नागवंशी, तहसीलदार अखिलेश कुमार प्रजापति, नपा सीएमओ शशि कपूर गढ़पाले, थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक रोहित मिश्रा के साथ नगरपालिका, राजस्व और पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। इस दौरान जेसीबी मशीन से दुकानों के सामने सड़क तक फैले अतिक्रमण को हटाने का काम शुरू किया गया, जिसे देखकर हडकंप मच गया, कुछ लोगों ने अपने हाथों से ही अतिक्रमण हटाना प्रारंभ कर दिया है। ताया गया है कि नगर पालिका द्वारा लाउडस्पीकर के माध्यम से पूरे नगर में एलाउंसमेंट करवाया जा रहा है कि जो भी दुकानदार अपनी दुकान के बाहर फुटपाथ में या सड़क पर सामग्री रखेगा या अतिक्रमण करेगा उस पर सख्त कार्रवाई की जाएगी लेकिन सूचना और चेतावनी के बाद भी अतिक्रमण कारियों के द्वारा स्वयं अतिक्रमण नहीं हटाए जाने से संयुक्त टीम के द्वारा कार्रवाई की जा रही है।

ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर के लिए लगाई ड्यूटी

हरिभूमि न्यूज, पन्ना । अनुविभागीय अधिकारी पुलिस एवं जिला खेल और युवा कल्याण अधिकारी द्वारा जिला और विकासखण्ड मुख्यालय पर आयोजित होने वाले ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर में प्रशिक्षक एवं समन्वयकों की ड्यूटी लगाई गई है। शिविर में सहभागिता के लिए 7 मई तक पंजीयन होंगे, जबकि 9 से 31 मई तक प्रतिदिन सुबह 6 से 8 बजे तक खेल शिविर लगाया जाएगा। जिला मुख्यालय पर पुलिस लाइन पन्ना में हॉकी के प्रशिक्षण के लिए खेल प्रशिक्षक निधि राय एवं वॉलीबाल के लिए सीनियर खिलाड़ी अरविन्द तिवारी की ड्यूटी लगाई गई है। इसी तरह छत्रसाल स्टेडियम पन्ना में एथलेटिक्स के लिए प्रशिक्षक राहुल गुर्जर एवं अन्नू चौधरी, मलखम्ब के लिए प्रकाश कुमार अहिरवार, कबड्डी के लिए ममता चौधरी, खो-खो के लिए राजाभईया कारपेंटर तथा फुटबॉल के लिए लारेंस ऐट्स की ड्यूटी लगाई गई है, जबकि चिल्ड्रन पब्लिक स्कूल एवं फिटनेस टेनिंग एकेडमी पन्ना में मार्शल आर्ट विधा का प्रशिक्षण वुशू संघ पन्ना के सचिव इरफान खान द्वारा प्रदान किया जाएगा।

जनप्रतिनिधि नहीं करते वायदे पूरे, रोजगार के लिये गरीब पलायन को मजबूर

विकास एवं सुविधाओं से कोसों दूर है ग्राम गैसाबाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ गेसाबाद

सरकार भले ही गांवों के विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता पर रखते हुए विशेष योजना बना रही है लेकिन तहसील हटा से 27 किलोमीटर दूर बसे ग्राम गैसाबाद के बसीदें आज भी विकास और सुविधाओं की बाट देख रहे हैं। आजादी के 77 साल बीत जाने के बाद भी गांव में कोई बड़ी अस्पताल एवं उच्च डॉक्टरो की व्यवस्था नहीं हो सकी जिससे लोगों को भारी असुविधा हो रही है। यदि किसी की तबीयत खराब होती है तो उसे हटा शहर ले जाकर इलाज करना पड़ता है, ग्राम में शिक्षा का स्तर भी बहुत अच्छा नहीं है। बिजली पानी जैसी मूलभूत सुविधाओं को भी ग्रामीण तरस रहे हैं, लगभग 8000 की जनसंख्या वाले ग्राम के बसीदें बताते हैं कि ग्राम में नेता सिर्फ चुनाव के समय आते हैं और चुनाव होने के बाद कोई पीछे मुड़कर नहीं देखता कि हम किस हालत में हैं। क्षेत्र में कोई काम धंधा पंचायतो में रोजगार नहीं मिलने से बड़े पैमाने पर मजदूर वर्ग बड़े शहरों को पलायन करके अपना जीवन यापन कर रहे हैं। 2020 में ग्राम में स्वीकृत हुई सीमेंट फैक्ट्री का विशेष लाभ भी क्षेत्र वासियों को मिलता हुआ नहीं दिख रहा है। पंचायत चुनाव एवं विधायक सांसद के चुनाव में नेताओं को अपना वोट देने वाले कुछ लोगों ने हरिभूमि को बताया कि हमारे क्षेत्र से नेता विधायक सांसद चुनकर प्रदेश और केंद्र में मंत्री तो बन गए लेकिन हमारे गांव के विकास के बारे में किसी ने नहीं सोचा ग्रामीण जन बताते हैं कि पिछले पंचायत चुनाव में गैसाबाद जनपद क्षेत्र से हम लोगों ने पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष शिवचरण पटेल के पुत्र इंद्रपाल पटेल को सदस्य बनाया था और इंद्रपाल हटा जनपद के अध्यक्ष भी निर्वाचित हुए थे लेकिन फिर भी जनपद अध्यक्ष द्वारा हमारे गांव में कोई विशेष विकास नहीं कराया पिछली चार पंचवर्षीय से हमारे क्षेत्र से भाजपा के विधायक निर्वाचित होते आ रहे हैं, और वर्तमान में श्रीमती उमा देवी खटीक इसी क्षेत्र से तीसरी बार विधायक बनकर भोपाल पहुंची है लेकिन हमारे गांव के लिए हमारे क्षेत्र के लिए कोई खास उपलब्धि प्राप्त नहीं हुई ,चुने हुए जनप्रतिनिधियों की उदासीनता के चलते आज भी ग्रामीण अंचल के कई गांव विकास और सुविधाओं से कोसों दूर है ,दमोह और पन्ना जिला की बॉर्डर पर व्यारमा नदी के किनारे बसा यह गांव विकास के मामले में गुमनामी के दौर से गुजर रहा है।

भगवान श्री चित्रगुप्त प्राकट्योत्सव मनाया

हटा। वैशाख शुक्ल पक्ष गंगा सप्तमी पर अखिल भारतीय कायस्थ सभा के तत्वाधान में भगवान चित्रगुप्त के प्राकट्य दिवस के शुभ अवसर पर श्री चित्रगुप्त कायस्थ सभा समिति हटा द्वारा पूजन एवं महाआरती का आयोजन किया गया। जिसमें समाजजनों ने पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ सहभागिता की। कार्यक्रम में कायस्थ सभा की ओर से श्री आलोक श्रीवास्तव(जिला अध्यक्ष, अखिल भारतीय कायस्थ सभा दमोह) , वरिष्ठजन राजेंद्र श्रीवास्तव, सुनील खरे,संजय श्रीवास्तव, युवा वर्ग में अमित श्रीवास्तव, राजेश खरे (रीडर, तहसीलदार) प्रमोद श्रीवास्तव (रीडर एसडीएम)पंकज श्रीवास्तव, कन्हैया खरे, राजीव श्रीवास्तव, ओम श्रीवास्तव महिला वर्ग से श्रीमती विशाखा श्रीवास्तव, स्वेता श्रीवास्तव रश्मि श्रीवास्तव, लवली श्रीवास्तव, सपना श्रीवास्तव सहित कायस्थ बंधु सपरिवार उपस्थित रहें । कार्यक्रम का संचालन पंकज श्रीवास्तव द्वारा किया गया. आलोक श्रीवास्तव ने सभी का आभार व्यक्त किया गया।

बाल भिक्षा वृत्ति को लेकर किया जागरूक

दमोह। महिला एवं बाल विकास विभागीय प्रचार वाहन के माध्यम से दमोह के घंटाघर से होते हुए दमोह रेल्वे स्टेशन एवं बस स्टैंड पर प्रचार-प्रसार कर जागरूक किया गया। साथ ही आमजनों को समझाईश दी गई। इस सबंध में महिला एवं शक्तिकरण अधिकारी संजीव मिश्रा ने बताया "बाल भिक्षा वृत्ति एक गंभीर समस्या है, जो हमारे समाज में व्याप्त हैं। यह न केवल बच्चों के अधिकारों का हनन करती है, बल्कि उनके भविष्य को भी प्रभावित करती है। उन्होंने बताया बाल भिक्षा वृत्ति को रोकने के लिए हमें सामूहिक प्रयास करने होंगे। सबसे पहले, हमें बच्चों की वास्तविक स्थिति को समझना होगा। कई बार बच्चे मजबूरी में भिक्षा मांगते हैं, इसलिए हमें उनकी मदद करने के लिए आगे आना होगा। हम उन्हें शिक्षा और स्वास्थ्य के अवसर प्रदान कर सकते हैं या उन्हें सामाजिक सुरक्षा प्रदान कर सकते हैं। उन्होंने कहा हमें भिक्षा देने की आदत को बदलना होगा। इसके बजाय, हम बच्चों को रोजगार के अवसरों के बारे में बता सकते हैं या उन्हें सामाजिक संगठनों से जोड़ सकते हैं जो उनकी मदद कर सकते हैं।

पतंजलि के पांचों संगठनों की सामूहिक बैठक का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ दमोह

पतंजलि योग समिति, जिला दमोह की मासिक बैठक जिला प्रभारी पंडित कृष्ण कुमार परोहा, फाउंडर मेंबर पर्वत सिंह यादव, आजीवन सदस्य डॉक्टर कार्तिक केदार शर्मा, आजीवन सदस्य श्रीमती अनीता दीपक सिंह राजपूत, किसान प्रभारी गंगाराम पटेल, सुरेश रैक्वार की उपस्थिति में पांचों संगठनों की सामूहिक बैठक कार्यालय, जिला पतंजलि योग समिति, शिक्षक कॉलोनी, राजपूत भवन में सायं 4.30 से 7 बजे तक सम्पन्न हुई(मुख्य विषय तहसीलों का प्रवास, सभी प्रभारियों को माह में कम से कम दो बार करना होगा। जिले में अधिक से अधिक योग कक्षाओं का विस्तार करना होगा, भारत स्वाभिमान के बैंक खाता को एस बी आई बैंक से बंद कर, इंडियन ओवरसीज बैंक में खोलना है, बैंक खाता संचालन हेतु भारत स्वाभिमान के नव नियुक्ति जिला प्रभारी रामजी सोनी, महा मंत्री डॉक्टर केदार नाथ शर्मा एवं कोषाध्यक्ष विनोद दुबे का नाम सर्व सम्मति से तय किया गया। उक्त बैठक में मुख्य प्रशिक्षक पी.सी.शर्मा, मिथिलेश कुमार मिश्रा, भोपाल सिंह, देवेंद्र सिंह ठाकुर, अतुल कुमार सिंघई, नरेंद्र सिंह, जसवंत सिंह चौहान आदि मुख्य योग प्रशिक्षक उपस्थित रहे।

ब्राह्मण अलंकरण सम्मान समारोह आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ दमोह

भगवान परशुराम के प्रकट उत्सव के सुअवसर पर दमोह के बूंदाबहू मंदिर तुलसी मानस भवन में युवा विप्र मिलन द्वारा हास्य कवि सम्मान अलंकरण समारोह आयोजित किया गया। हास्य कवि सम्मेलन में जिले के बाहर से आए हुए कवि अमित शुक्ला, देवदत्त शुक्ला बड़ा मलहरा, नम्रता शुक्ला छतरपुर, अशोक नगर इंदौर, और काव्या मिश्रा मुंबई से इस हास्य कवि सम्मेलन में आई जिन्होंने अपनी कविताओं से बैठे सभी विद्वानजनों का मनमोहन और भगवान परशुराम प्रकटोत्सव के शुभ अवसर पर सबको शुभकामनाएं प्रेषित की, कार्यक्रम की अध्यक्षता महामंडलेश्वर आत्मानंद गिरि महाराज चौथ मुख धाम आश्रम लखरोनी पथरिया द्वारा की गई एवं कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पंडित गोपाल भार्गव पुत्र अभिषेक गोपाल भार्गव कार्यक्रम में पहुंचे जिनके द्वारा बाहर से पधारे सभी कवियों को स्मृति चिन्ह देकर उनका गौरव बढ़ाया गया।

हास्य कवि जीजा बुंदेलखंडी हास्यांचार्य अलंकरण मनोहर मनोज कटनी को प्रदान किया गया, इसके पश्चात डॉक्टर श्रीराम पांडे अलंकरण कवि देवदत्त द्विवेदी मलहरा, श्रीकांत पंडित अलंकरण कवि अमित शुक्ला रीवा, श्रीहरि प्रपन्नाचार्य अलंकरण काव्या मिश्रा मुंबई, भोला शर्मा अलंकरण नम्रता शुक्ला छतरपुर और आरसी चौबे अलंकरण अशोक नागर इंदौर कवि को देकर गौरवान्वित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे महामंडलेश्वर चौथ धाम आत्मानंद गिरि महाराज ने बताया कि सभी ब्राह्मणों को एक साथ रहना चाहिए और जो संपन्न है वह ब्राह्मण हित के लिए कार्य करें जिससे ब्राह्मण समाज मजबूत हो सके । हम सबको एकजुट होकर एक दूसरे की मदद करनी चाहिए।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अभिषेक भार्गव ने सभी सभागार में बैठे विप्रजनों को परशुराम प्रकटोत्सव की बधाई दी और साथ ही कहा कि ब्राह्मण हमेशा से समाज के सभी लोगों की मदद करता हुआ आया है और बाहर से पधारे हुई विद्धान जनों को नमन किया साथ में उनकी कविताओं को सुनकर उनकी तारीफ की और कहा कि यहां ऐसे कार्यक्रम हर वर्ष आयोजित होते रहना चाहिए जिससे कि हमारे क्षेत्र में बुंदेलखंडी कभी अपनी कविताओं से समाज में अच्छा संदेश देते रहते हैं और यह संदेश जाना भी जरूरी है जिससे लोग एकजुट रहें और सबका विकास सबका साथ ऐसी विचारधारा बनी रहे। कार्यक्रम में विप्रजनों को सम्मानित किया जिनमें आलोक पौराणिक शिक्षक पथरिया और रिटायर्ड शिक्षक शुक्ला को भी मुख्य अतिथि द्वारा सम्मानित किया गया वहीं पथरिया से पधारे नरेंद्र दुबे, रक्त दानदाता राम मिश्रा के साथ सभी विप्र जनों का सम्मान स्मृति चिन्ह देकर किया गया।

कार्यक्रम में पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष मनु मिश्रा के साथ भाजपा नेता सतीश तिवारी, रमाकांत बाजपेई, पवन तिवारी, मनीष तिवारी, मनोज देवलिया, नारायण त्रिपाठी, एल एन वैष्णव, जमुना चौबे, मुकेश दुबे पथरिया, विप्र नारी सेवा संस्थान की प्रदेश कार्यकारिणी अध्यक्ष मीना पाठक, विश्व हिंदू वाहिनी की जिला उपाध्यक्ष गिरिजा त्रिपाठी, अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार सुरक्षा संगठन के प्रदेश कार्यक्रम अध्यक्ष डॉ हरीश, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजीव, जिला अध्यक्ष मुकेश तिवारी, डॉ प्रेमलता नीलम, अमर राजपूत के साथ अन्य विप्र जन उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम का संचालन बीएम दुबे व आभार कार्यक्रम संयोजक नरेन्द्र अरजरिया ने माना।

स्थाईकर्मी ने पांच सूत्रीय मांगों का सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ दमोह

प्रांतीय निकाय की आह्वान पर स्थाई कर्मियों एवं अनियमित कर्मचारियों की 05 सूत्री मांगों का शीघ्र निराकरण करने संघ के जिला अध्यक्ष बबलू ठाकुर की नेतृत्व में स्थान स्थानी विधायक जयंत मलैया को ज्ञापन सौपा गया। जिसमें प्रमुख सप से स्थाई स्थाई कर्मचारी को रिक्त पदों पर निर्मितिकरण किया जा जाए सातवां वेतनमान अनुकंपा नियुक्ति प्रदान करें सभी सुविधाएं दी जावे। विनियमीतीकरण योजना अंतर्गत दैनिक वेतन भोगी कर्मियों को कर्मि को स्थाई कर्मी बनाया जाए। वन एवं वन्य प्राणियों की सुरक्षा एवं रखरखाव मैं कार्यरत वन सुरक्षा श्रमिकों को श्रमायुक्त द्वारा निर्धारित न्यूनतम वेतनमान दिया जाए एवं सुरक्षा श्रमिकों वरिष्ठता, सूची जारी की जाएं। अंशकालिन कर्मचारियों को पूर्ण कालिक कर्मचारियों की श्रेणी में प्रधान कर श्रम नियमों के अनुसार सुविधा दी जाएं। महिला एवं बाल विकास विभाग में कार्य स्थाई कर्मियों एवं अनियमित संविदा पर्यवेक्षको वरिष्ठता का लाभ देते हुए चयन प्रक्रिया अपना नियमितिकरण किया जाए उक्त मांगों का ज्ञापन सौंपने पर माननीय जयंत मलैया विधायक दमोह द्वारा शासन को अवगत करने का आश्वासन दिया गया। ज्ञापन सौंपने वालो में मुकेश तिवारी, दुर्जन लाल विश्वकर्मा, रानू यादव, मनोज चौबे, मनोज रैकवार, तीरथ ठाकुर, बालचंद वीरेंद्र जाटव, पहलाद अहीरवाल, शुभम भवानी यादव, जागेश्वर तिवारी, जवाहर रैकवार, मुन्ना सोनी, मूलचंद आठिया, मनोज शुक्ला, खरगराम देवी सिंह, लुकन ठाकुर, उमेश तिवारी, अशोक सेन, जीतू सोनी, वाहिद खान, शरीफ ख़ान, बफती खान, बैजनाथ साहू, गोविंद ठाकुर, हीरालाल यादव, लखन रैकवार एवं समस्त कर्मचारी उपस्थिति रही।

तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर पलटी

हरिभूमि न्यूज ⏭ तेंदूखेडा

सोमवार की दोपहर 2बजे के आसपास थाना क्षेत्र के अंतर्गत तारादेही मार्ग पर स्थित धनगौर की टेक के ऊपर एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर कई पलटी खाकर पलट गई छतिग्रस्त हो गई। साथ ही कार चालक गंभीर रूप से घायल हो गए जिसे 108 की मदद से इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां से उसे जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है घटना के संबंध में मिली जानकारी अनुसार परमलाल पिता हीरालाल पाल निवासी सलैया थाना तेन्दूखेड़ा है जो दोपहर के वक्त हादसे का शिकार हो गए। वहां से गुजर रहे राहगीरों द्वारा बताया गया है कि कार चालक अधिक तेज रफ्तार में कार को चला रहा था और रफ्तार के कारण कार अनियंत्रित हो गई। कार सड़क छोड़कर पलटी खाते हुई पलट गई कार की रफ्तार इतनी अधिक थी कि कार के हादसे में परखच्चे उड़ गए पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है।

मुख्यमंत्री जी के आगमन को लेकर बैठक संपन्न

मुख्यमंत्री 9 मई को कॉरिडोर का भूमिपूजन करेंगे-संस्कृति राज्यमंत्री

दमोह। प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव का 9 मई 2025 को प्रस्तावित बांदकपुर आगमन को लेकर आज संस्कृति, पर्यटन, धर्मस्व एवं धार्मिक न्यास (स्वतंत्र प्रभार) राज्यमंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी ने सांसद राहुल सिंह, पूर्व वित्तमंत्री एवं दमोह विधायक जयंत कुमार मलैया तथा विधायक हटा उमादेवी खटीक की मौजूदगी में अधिकारियों की एक बैठक ली। कलेक्टर कार्यालय में आयोजित इस बैठक में भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे, कलेक्टर सुधीर कोचर, पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी, सीईओ जिला पंचायत प्रवीण फुलपगारे, बांदकपुर मंदिर कमेटी अध्यक्ष सुरेश मेहता, पंकज हर्ष श्रीवास्तव, प्रबंधक कृपाल पाठक सहित अधिकारीगण मौजूद थे। संस्कृति राज्यमंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी ने बैठक को संबोधित करते हुये कहा बड़ी प्रसन्नता का विषय है, कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी 9 मई को अपरान्ह लगभग 3.30 बजे बॉदकपुर के जागेश्वरनाथ धाम आयेंगे और रूद्र मैदान में कॉरिडोर का भूमि करेगें। पूरे कॉरिडोर का काम 5 चरणों में पूरा होगा। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से कहा कार्यक्रम में किसी प्रकार की परेशानी ना हो, सभी बुनियादी सुविधायें सुलभ कराई जायें। सारे अधिकारियों को इसमें निर्देशित किया गया और उसकी योजना बनायी गयी। सांसद राहुल सिंह लोधी ने कहा प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी को बधाई और साधुवाद देता हूँ। राज्य शासन के राज्यमंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी जी को भी साधुवाद देता हूँ। हमारे बुंदेलखंड के जागेश्वरनाथ धाम में 9 मई को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी का आगमन हो रहा है, और एक भव्य कॉरिडोर बनके तैयार हो रहा है, प्रारंभिक तैयारियां चल रहीं है। अधिकारीगण के साथ बैठक हो गई है, और अलग-अलग स्तर पर व्यवस्थाएँ चल रही है। उन्होंने कहा शिव भक्त, श्रद्धालु सब अधिक से अधिक संख्या में पहुंचे किसी को कोई दिक्कत न हो। बेहतर व्यवस्था के साथ बेहतर तरीके से कार्यक्रम हो, उसके लिए निरंतर सभी लगे हुये हैं। उन्होंने पुनः सबसे आग्रह किया है की 9 मई को हमारे जागेश्वरनाथ लोक में कॉरिडोर का काम प्रारंभ हो रहा है। सभी से आग्रह है, कि अधिक से अधिक संख्या में पहुंचे और उस पल के साक्षी बनें । इस अवसर पर कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने लोक निर्माण विभाग कार्यपालन यंत्री को हैलीपेड एवं अन्य समुचित व्यवस्थाएं मौसम के दृष्टिगत रखते हुये सुनिश्चित करने, स्वास्थ्य विभाग को मेडिकल टीम और एम्बुलेंस आदि के संबंध में समुचित व्यवस्थाएं करने, उन्होंने ट्राफिक प्लान पर चर्चा करते हुये पार्किंग और यातायात समुचित रूप से सुनिश्चित करने, नगर पालिका, जल निगम सहित अन्य विभागों को निर्देशानुसार समुचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने कहा ।

क्लब फुट के 14 बच्चों को प्लास्टर,13 बच्चों को क्लबफुट जूते मिले

दमोह। कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर द्वारा समस्त डिलेवरी पांइट में जन्म लेने वाले बच्चों में जन्मजात विकृति पता कर उसकी सूचना आर.बी.एस.के टीम व डी.ई.आई.सी टीम को देने तथा अनमोल पोर्टल पर इंट्री करने के निर्देश दिये गये है। इसी क्रम में जिले में क्लब फुट के बच्चों को क्लब फुट मुक्त करने अनुष्का फाउंडेशन द्वारा साफ्ट रोल, पीओपी, बार एण्ड शूज निःशुल्क जिला अस्पताल दमोह को डी.ई.आई.सी के माध्यम से प्रदाय किये जा रहे है। हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. राहुल ने बताया पिछले वर्ष 43 क्लब फुट बच्चों को प्लास्टर चढ़ा कर ठीक किया गया था। इस वित्तीय वर्ष में अभी तक 14 बच्चों जो क्लब फुट के चिहांकित थे उन्हें प्लास्टर चढ़ा कर ठीक करने का प्रयास किया गया है। उन्होंने बताया यह प्लास्टर की समस्त सामग्री डी.ई.आई.सी के माध्यम से अनुष्का फांउडेशन द्वारा निःशुल्क संस्था को प्रदाय की जा रही है।

सी.एम.एच.ओ डॉ. मुकेश जैन ने बताया कि जिला स्तर पर आर.बी.एस.के टीम द्वारा रेफर बच्चे, डिलेवरी पाईंट, एस.एन.सी.यू, ए.एन.एम, आशा कार्यकर्ता, ऑगनवाड़ी कार्यकर्ता, सी.एच.ओ, अन्य प्राईवेट संस्था से रेफर होकर जिला अस्पताल आने वाले सभी क्लब फुट के बच्चों की निःशुल्क कास्टिंग, टेनाटोमी, ब्रेस व बार- जिन्हें क्लब फुट ठीक करने जूते निःशुल्क अनुष्का फाउडेशन द्वारा दिलाये जा रहे है। डॉ. जलज बजाज ने बताया की 1000 लाईव वर्थ पर 1 से 2 प्रतिशत बच्चे क्लब फुट दोष के साथ पैदा होते है, ऐसे बच्चों को समय पर उपचार जैसे-प्लास्टर कास्ट सी.टी.ई.वी, सर्जरी व क्लबफुट जूते पहनाकर दोष को शत-प्रतिशत दूर किया जा सकता है। आर.बी.एस.के व अनुष्का फाउंडेशन के सहयोग से पिछले दो वर्षो में अभी तक 97 बच्चे की कास्टिंग की जा चुकी है, आनुष्का फांउडेशन द्वारा अभी तक 13 बच्चों को ब्रेस व बार जूते निःशुल्क प्रदाय किये गये है, डी.ई.आई.सी मैनेजर नरेश राठौर ने कहां आर.बी.एस.के कार्यक्रम ऐसे बच्चों एवं परिवार के लिये वरदान सिद्ध हो रहा है, जो बच्चे का इलाज कराना चाहते है, मगर पैसो की तंगी से उपचार नहीं करा पाते है। डॉ. मनीष संगतानी ने कहा जिला अस्तपाल दमोह में आर.बी.एस.के व अनुष्का फाउंडेशन के जिला समन्वयक सत्यप्रकाश तिवारी के सहयोग से इस वित्तीय वर्ष में 14 क्लब फुट रोग से पीड़ति बच्चे-लोकेश पटेल, प्रिंस कुशवाहा, नब्या लोधी, अस्विन गौड़, डोली लोधी, बेबी निशा, माहिरा खान, सिद्धार्थ पटेल, जानवी कुशवाहा को डी.ई.आई.सी बाल संजीवनी भवन में बुलाकर ब्रेस व बार जूते निःशुल्क दिये गये है।

नोहटा थाना के हरदुआ सड़क में दुखद हादसाः आक्रोशित परिजनों ने स्टेट हाईवे पर जाम के हालात बनाये

खड़े ट्रैक्टर ट्राली में तेज रफ्तार ट्रक ने मारी टक्कर, दो भाईयों की मौत, एक गंभीर रेफर

हरिभूमि ▶▶ दमोह/जबेरा/बनवार

नोहटा थाना अंतर्गत दमोह जबलपुर स्टेट हाईवे के हरदुआ सड़क ग्राम में सोमवार की सुबह 7 बजे के करीब भीषण सड़क हादसा हुआ है जिसमें ईंटों से भरे खड़े ट्रैक्टर ट्राली में तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी टक्कर इतनी खतरनाक थी कि ट्रैक्टर ट्रॉली सहित ट्रक किनारे बनी चाय पान की टपरी में घुस गया और ट्रक के दोनों टायरों के नीचे दबने से दो भाईयों की घटना स्थल पर मौत हो गई जबकि एक की स्थिति नाजुक बनी हुई और चालक भी घायल हुआ है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमवार की सुबह करीब 7 बजे हरदुआ सड़क ग्राम ईंट भट्ठा से ईंटों को भरकर एक ट्रैक्टर ट्राली अभाना के लिए जाते वक्त चाय पानी के लिए सड़क किनारे खड़ी हुई थी तभी जबलपुर की ओर से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक क्रमांक एमपी 32 एच ए 0739 ने टक्कर मार दी है और ट्रैक्टर ट्राली ट्रक के साथ बंद चाप पान की टपरी में घुस गई। हादसा इतना भीषण था ट्रैक्टर में बैठे मजदूर रोशन पिता हीरालाल प्रजापति 48 वर्ष एवं धीरेंद्र पिता स्व तुलसीराम प्रजापति उम्र 19 वर्ष ट्रक के दोनों टायरों के नीचे दबने से दर्दनाक मौत हो गई वही 28 वर्षीय धर्मेंद्र पिता उत्तम रजक अभाना निवासी घायल हुए है तो राजेश पिता मूलचंद रैकवार 40 वर्षीय की स्तिथि नाजुक बनी हुई।

ट्रक टायरों के नीचे दवे शवों को पुलिस को क्रेन की मदद से बाहर निकलना पड़ा हादसे की खबर लगते ही परिजनों ने घटना स्थल पर पहुंचकर सड़क पर जाम लगा दिया और चालक की गिरफ्तारी की मांग करने लगे घटनास्थल पर पहुंचे नोहटा थाना प्रभारी पुलिस बल स्तिथि को नियंत्रण करने मृतकों के परिजनों को समझाने का प्रयास किया गया लेकिन परिजन सड़क से नहीं हटे मजबूरन पुलिस को रोड डायवर्ट करना पड़ा और जबलपुर की तरफ से आ रहे वाहनों कालेहरा खेड़ा से माडन खेड़ा होते हुए तेजगढ़ और दमोह से जबलपुर जाने वाले वाहनों को अभाना डायबर्ड कर दिया। वही चार पहिया वाहनों ने खेतों में से निकलना शुरू कर दिया था । इसीलिए जाम का ज्यादा कुछ असर नहीं होते देख परिजन शव सड़क पर रखकर प्रदर्शन करने की कोशिश में थे लेकिन तेंदूखेड़ा एसडीएम सौरव गंधर्व एडिशनल एसपी संदीप मिश्रा एसडीओपी देवी सिंह सहित जबेरा नोहटा बनवार की पुलिस बल की मौजूदगी में एसडीएम और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक की समझाइश पर बड़ी मुश्किल से परिजन माने और पुलिस के द्वारा ट्रक के टायरों में फंसे शवों निकलवाकर सीधे पुलिस एवं बज्र वाहन से दमोह पीएम के लिए भिजवा दिया। पीएम के बाद शवों का अंतिम संस्कार भी कर दिया गया है ।

नींद के झोंके में हादसा

प्रत्यक्षदर्शियों की माने तो उनका कहना है ट्रक चालक ने सीधे सड़क किनारे खड़े ट्रैक्टर ट्राली में टक्कर मार दी जिससे ट्रक के ट्रैक्टर ट्राली चायपान की टपरी में घुस गई गनीमत रही हादसे के समय चाप पान की टपरी बंद थी नहीं और भी बड़ा हादसा हो सकता था

तीन बेटे एक बेटी के सिर पर पिता साया छिन गया

भीषण सड़क हादसे में मृत हरदुआ सड़क निवासी रोशन प्रजापति के तीन बेटा और एक बेटी है जिसने सिर पिता का साया छिन गया है और परिवार की आर्थिक स्थिति भी ठीक नहीं ईंटों के भट्ठा मैं मेहनत मजदूरी करके अपने परिवार का भरण पोषण करता था ।

मां पर टूटा दुखो का पहाड़

सड़क हादसे में मृत धीरेन्द्र के पिता की कुछ महीनों पूर्व मृत्यु हो गई थी और धीरेंद्र अपनी मां के साथ अभाना में अपने मामा के यहां रहता था और ईंट भट्ठा में मजदूरी करता था लेकिन बेटे की मौत से मां का रो रोकर बुरा हाल है और मां का दर्द उस वक्त और बढ़ गया जब पटेरा से ससुराल पक्ष के लोग धीरेन्द्र का शव लेने आ गए तो मामा कैलाश प्रजापति ने मना कर दिया और दोनों पक्षों में तू तू में में को देखते हुए पुलिस ने मां को उसके बेटे के शव सौंप दिया

परिजनों और घायलों को हर संभव आर्थिक सहायता

दमोह। कलेक्टर सुधीर कोचर ने बताया आज नोहटा के पास जो हृदय विदारक घटना हुई है, उसमें जो तथ्य सामने आए हैं, वो प्रारंभिक तौर पर यह हैं, एक ट्रक ने सामने से आ रहे मोटर साइकिल सवारों को बचाने के लिए टर्न लिया और ट्रैक्टर में जा करके टकरा गया। उस कारण से ट्रैक्टर में बैठे हुए दो लोगों की दर्दनाक मृत्यु हुई । कलेक्टर श्री कोचर ने बताया परिजनों को हर संभव आर्थिक सहायता सरकार की तरफ से दी जाएगी, जो घायल हुए हैं, उनको तत्काल अस्पताल रेफर करा दिया गया ।

नशे में धुत आटो चालक ने बाइक सवारों को मारी टक्कर, दो रेफर

तेंदूखेड़ा। सोमवार की शाम 6 बजे थाना क्षेत्र अंतर्गत दमोह तेन्दूखेड़ा मार्ग पर वन विभाग की डिपो के समीप एक आटों चालक ने बाइक को टक्कर मार दी जिसमें बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें प्राइवेट आटों की मदद से इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। वहीं टक्कर के बाद आटों भी बीच सड़क पर पलट गई लोगों द्वारा बताया गया है आटों चालक शराब के नशे में चूर है। जहां उसने और भी जगह लोगों को टक्कर मारी है। घटना के संबंध में मिली जानकारी अनुसार बाइक सवार समनापुर निवासी हैं जो लड़के की शादी का न्यौता देने के लिए तेजगढ़ हर्रई जा रहे थे लेकिन रास्ते में हादसे के शिकार हो गए। हादसे में शिखर पिता रामेश्वर सेन उम्र 29 वर्ष रामनाथ पिता दशरथ सेन उम्र 43 वर्ष दोनों ही समनापुर थाना तारादेही के निवासी हैं। जहां रामनाथ सेन अपने लड़के की शादी का न्यौता देने के लिए रिश्तेदारों के यहां पर हर्रई तेजगढ़ जा रहे थे। लेकिन तेन्दूखेड़ा मुख्यालय से 4 किमी दूर दमोह मार्ग पर आटों चालक ने टक्कर मार दी जिससे रामनाथ सेन का पैर बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया है दोनों को प्राथमिक उपचार के बाद जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। इस संबंध में थाना प्रभारी नीतेश जैन ने बताया कि आटों चालक को पकड़ लिया है आटों चालक शराब के नशे में था पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही आटों जब्त कर लिया है।

ट्रक को ओवरटेक करने में वैन से टकराए, गंभीर हालत में जबलपुर रेफर

तेंदूखेड़ा। जिले के तेंदूखेड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत सोमवार की सुबह 9 बजे बाइक सवार दो युवक ट्रक को ओवरटेक करने में मारुति वैन से टकराकर गंभीर रूप से घायल हो गए जिनको 108 की मदद से तेंदूखेड़ा सामुदायक स्वस्थ केन्द्र भेजा गया जहां हालत गंभीर होने पर जबलपुर रेफर किया गया। घटना दुर्गा मंदिर के समीप की है। उसी दौरान तारादेही पुलिस तेंदूखेडा आ रही थी। मुख्य मार्ग पर पड़े घायलों को उठाकर एंबुलेस में रखवाया और अस्पताल भेजा प्रत्यक्ष दर्शियों ने बताया बाइक सवार तेंदूखेड़ा से तारादेही की और जा रहे थे। वीरेंद्र यादव ने बताया बाइक सवार एक ट्रक के पीछे चल रहे थे। उन्होंने अपनी बाइक ट्रक से आगे निकाली उसी समय सामने से आ रही बैन से टक्कर हो गई। घायल युवकों के परिजन भी तेंदूखेड़ा स्वास्थ्य केन्द्र पहुंच गए। ओंकार आदिवासी ने बताया घायलों में एक उनका बेटा और दूसरा पड़ोसी है। हम ग्राम कछार के निवासी है। मेरे बड़े बेटे की शादी का निमंत्रण देने के लिए दोनों बाइक से खगोरिया गांव गए थे। निमंत्रण देकर बापस घर आ रहे थे लेकिन बीच में यह घटना हो गई। घटना में दोनों वाहन भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गये है। जिन्होंने तेंदूखेड़ा पुलिस ने सड़क के बाजू में रखवाया उसके बाद आवागमन चालू हुआ। जानकारी के अनुसार घायल अखिलेश पिता किल्लू आदिवासी 25 और दुर्गेश पिता ओमकार आदिवासी 19 को सामुदायक स्वस्थ केंद्र लाया गया था प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है घटना की सूचना मिलते ही तेंदूखेड़ा थाने से प्रधान आरक्षक ब्रजेश तिवारी मौके पर । दोनों वाहनो को हटवाया गया है। घायल को उपचार के लिए जबलपुर रेफर किया गया है। पुलिस द्वारा जांच की जा रही है।

खबर संक्षेप

नवीन वेयर हाऊस का किया मासिक निरीक्षण

दमोह। भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा दिये गये निर्देशो के परिपालन में ई.व्ही.एम. नवीन वेयर हाउस का मासिक निरीक्षण कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुधीर कुमार कोचर ने मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलो के प्रतिनिधियों के साथ किया। इस अवसर राम लाल उपाध्याय, लाल चंद राय, ई.व्ही.एम. वेयर हाउस इंचार्ज ज्ञानेश्वर मण्डावी सहित कर्मचारियों की उपस्थिति रही ।

तालाब में अज्ञात युवक की मिली लाश

पथरिया। थाना क्षेत्र अंतर्गत नगर के वार्ड नं 07 बड़े तालाब में सोमवार को अज्ञात व्यक्ति शव मिलने से सनसनी फैल गई,जिसकी खबर पुलिस को मिलते ही मौके पर पुलिस ने पहुंचकर शव पहचान करने की कोशिश की लेकिन पहचान नहीं हो सकी। शव को सुरक्षित शव गृह में रखवा दिया गया है, पुलिस ने बताया कि यह शव अज्ञात पुरुष का है, जिसकी उम्र करीब 32-33 वर्ष लग रही है, जिसकी शिनाख्त की जा रही है।

सीताबाबली में पुलिस चौकी खोलने की मांग

दमोह। युवा अहिरवार समाज बजरिया वार्ड 8 के निवासियों ने दमोह कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया कि आए दिन असामाजिक तत्त्वों के द्वारा सरदार बल्लभ भाई पटैल स्कूल की छात्राओं के साथ छेड़ छाड़ की जाती है एवं यहां पर गैर कानूनी कार्य भी किया जाता है एवं गौ तस्करी भी की जाती है। जिससे यहां का महौल खराब बना रहता है और यहां के लोगो को कई प्रकार की पेरशानियों सामना करना पड़ता है एवं शमशान घाट की जमीन पर भी असामाजिक तत्वों के द्वारा अतिक्रमण किया गया है जिससे शमशान घाट की जमीन कम होती जा रही है। ज्ञापन सौंपते हुए मांग की है कि सीताबाबली बजारिया वार्ड नं. 8 दमोह में बना न्यू मत्स्यालय मार्केट में पुलिस चौकी खोलने एवं शमशान घाट की भूमी का सीमांकन कर अतिक्रमण हटाया जाएं।

कॉरिडोर के निर्माण से धर्म और आर्थिक समृद्धि का दौर शुरू होगा....

जागेश्वरनाथ कारीडोर भूमिपूजन की तैयारियों के संबंध में भाजपा कार्यालय में बैठक संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

भगवान श्रीदेव जागेश्वरनाथ कारीडोर भूमिपूजन की तैयारियों के संबंध में जिला भाजपा कार्यालय में जिला अध्यक्ष श्याम शिवहरे की अध्यक्षता में बैठक आयोजित कि गई, जिसमें अतिथि के रूप में संस्कृति, पर्यटन, धर्मस्व एवं धार्मिक न्यास (स्वतंत्र प्रभार) राज्यमंत्री धर्मेन्द्र सिंह, पूर्व वित्तमंत्री दमोह विधायक जयंत मलैया, दमोह सांसद राहुल सिंह, हटा विधायक उमा देवी खटीक, जिला महामंत्री गोपाल पटेल, सतीश तिवारी उपस्थित रहें। जिला अध्यक्ष श्याम शिवहरे ने बैठक में कहा कि भाजपा हमेशा समाज हित के कार्य करती हैं, बांदकपुर में लाखों भक्त प्रतिमाह भोलेनाथ के दर्शन करने आते है, जिससे कॉरिडोर के निर्माण से सभी भक्तों को होने वाली परेशानियों से छुटकारा मिलेगा। आस्था के केंद्र में भगवान जागेश्वरनाथ दर्शन सभी के लिए सुलभ हो जाएंगे। बैठक को संबोधित करते हुए मंत्री धर्मेन्द्र सिंह ने कहा कि मेरी बचपन से ही बांदकपुर के श्रीजागेश्वरनाथ पर गहरी आस्था है और यह भोलेनाथ की ही कृपा है कि मुझे संस्कृति, पर्यटन, धर्मस्व एवं धार्मिक न्यास (स्वतंत्र प्रभार) का राज्यमंत्री बनाया गया, मैने मंत्री बनते ही अपनी पहली बैठक में ही बांदकपुर में कॉरिडोर बनाए जाने पर चर्चा की, और इसी को मूर्त रूप देने प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव 9 मई को भूमिपूजन के लिए आ रहे हैं, यह आयोजन दिव्य और भव्य होगा और हम सब गौरवान्वित होगे।

पूर्व वित्तमंत्री विधायक जयंत मलैया ने कहा कि अधिकतर जनहित के कार्य मेरे मंत्री रहते करने का प्रयास किया, धर्म के क्षेत्र में जैसे काशी विश्वनाथ, महाकाल लोक कॉरिडोर, राम मंदिर करोड़ों लोगों की आस्था के केंद्र है उसी तरह हम सब की आस्था का केंद्र जागेश्वर धाम कॉरिडोर बने यह मैने विधानसभा चुनाव के दौरान भक्तों से वादा किया था और भोलेनाथ ने इस कार्य को दमोह जिले के जबेरा विधायक को इसी विभाग का मंत्री बनाकर साकार करवा दिया।

सांसद राहुल सिंह ने कहा कि जागेश्वरधाम में कॉरिडोर के निर्माण से धर्म के साथ आर्थिक समृद्धि के सेतु का काम करेगा, इसके निर्माण से देव श्री जागेश्वरनाथ लोक के नाथ के रूप में जाने जायेगे।

इस बैठक का संचालन जिला महामंत्री रामेश्वर चौधरी ने किया और आभार जिला उपाध्यक्ष संजय सेन ने व्यक्त किया। बैठक में जिला उपाध्यक्ष रमन खत्री, अमित बजाज जिला मंत्री संजय यादव, अरविंद उपाध्याय, जिला कोषाध्यक्ष सुरेश पटेल, उत्तम सिंह, अर्चना जैन, ब्रजेश दुबे, जिला मीडिया प्रभारी राघवेन्द्र सिंह परिहार, जिला मीडिया सह प्रभारी महेन्द्र जैन, महिला मोर्चा अध्यक्ष शिखा जैन, किसान मोर्चा अध्यक्ष हरिश्चंद पटेल, युवा मोर्चा अध्यक्ष प्रिंस जैन, अनुसूचित जाति मोर्चा अध्यक्ष गणेश जाटव, अल्प संख्यक मोर्चा अध्यक्ष सादिक रिजवी, रिंकू गोस्वामी, संदीप शर्मा, पार्षद कपिल सोनी, यशपाल ठाकुर, अमित त्यागी, बाल कृष्ण यादव, संगीता सतीश जैन, सभी मंडल अध्यक्ष गण, प्रकोष्ठ संयोजक, सहित ज्येष्ठ श्रेष्ठ कार्यकर्ताओ की उपस्थिति रही।

पुल के नीचे नाले में पड़ा मिला बुजुर्ग का शव, पुलिस घटना की कर रही जांच

हटा। नगर के चिरोल तिगड्डा के पास बूढ़ा हटा मुख्य मार्ग पर बने पुल के नीचे नाले में सोमवार की सुबह एक बुजुर्ग का शव मिलने से सनसनी के हालात बन गए जिसकी सूचना स्थानीय लोगो ने हटा थाना पुलिस को दी जहां हटा थाना प्रभारी धर्मेंद्र उपाध्याय ने पुलिस अमले के साथ मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की। घटना के संबंध में जानकारी देते हुए थाना प्रभारी धर्मेंद्र उपाध्याय ने बताया कि घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल कर पंचनामा कार्यवाही की गई जहां मृतक की शिनाख्त कमला नेहरू वार्ड निवासी भीषम प्रजापति उम्र करीब 75 वर्ष के रूप में की गई बताया गया कि मृतक बस स्टैंड पर एक छोटी भोजनालय की दुकान चलाता था जो सोमवार की सुबह 7 बजे घर से निकाला था और कुछ घंटे बाद पुल के नीचे मृत अवस्था में पड़े होने की सूचना प्राप्त हुई। पुलिस ने घटना में मर्ग कायम कर शव के पीएम उपरांत परिजनों को सोपा गया पुलिस घटना की जांच कर रही है।

गायत्री परिवार ने पुरैना तालाब में की सफाई

दमोह। अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में चलाए जा रहे निर्मल गंगाजन अभियान के अंतर्गत भारतवर्ष कि प्रत्येक जिले में तहसील में एवं ग्रामीण स्तर पर जहां-जहां गायत्री परिवार के केंद्र एवं शाखाएं प्रज्ञा मंडल महिला मंडल युवा मंडल बने हुए हैं उन सभी जगह गंगा सप्तमी के अवसर पर प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी स्थानीय जल स्त्रोतों की स्वच्छता एवं संरक्षण हेतु सामूहिक श्रमदान का आयोजन किया गया। इसी अवसर पर गायत्री परिवार दमोह युवा प्रकोष्ठ द्वारा पुराना तला में सफाई का कार्यक्रम रखा गया जिसमें गायत्री परिवार के परिजन श्री प्रदीप खरे श्री पुनीत मिश्रा श्री एच आर राय श्री सुरेश नामदेव श्री अमिताभ श्रीवास्तव श्री राघवेंद्र नेमा श्री भूपेंद्र तिवारी श्री मधुर असाटी श्री मयंक कटारी डॉक्टर श्रीवास्तव जी श्री प्रखर गर्ग श्री अनुज गुप्ता श्री आशी गुप्ता श्री रोहित पटेल आदि युवा परिजनों ने श्रमदान कर पुराना तला को पूरा साफ कर दिया। स्वच्छता के बारे में भूपेंद्र तिवारी ने सभी को स्वच्छता का संदेश देते हुए कहा की अपनी पूजा सामग्री जिसमें फूल अगरबत्ती हवन भस्म आदि को जल स्रोतों में प्रवाहित ना करके किसी खेत में गड्ढा करके उसमें डाल दें ताकि वह बची हुई पूजन सामग्री खाद बन जाए ।

ओटीसी दवा विनियमनः एआईओसीडी ने सरकार से की हितधारकों से परामर्श की मांग

दमोह। एआईओसीडी ने ओवर-द-काउंटर (ओटीसी) दवा विनियमन पर चिंता व्यक्त करते हुए स्वास्थ्य मंत्रालय को एक ज्ञापन सौंपा है। राजेंद्र सिंघई जिलाऔषधि विक्रेता संघ अध्यक्ष सचिव अनिल कोटवानी कोषाध्यक्ष देवेंद्र अग्रवाल दमोह ने विज्ञप्ति जारी करते हुए मांग की है कि ओटीसी दवाओं की सूची और संबंधित विनियमों को अंतिम रूप देने से पहले सभी हितधारकों से विस्तृत परामर्श किया जाए। उनका तर्क है कि जल्दबाजी में उठाए गए कदम मौजूदा कानूनों का उल्लंघन और जनस्वास्थ्य को दीर्घकालिक खतरा पैदा कर सकते हैं। मुख्य मांगो में ओटीसी दवाओं की सूची और विनियमों पर सभी संबंधित पक्षों से चर्चा करना अनिवार्य है।- जीएसआर 220 (ए) को रद्द करना एआईओसीडी ने कोविड-19 आपातकाल के दौरान जारी इस अधिसूचना को तत्काल प्रभाव से रद्द करने की मांग की है, जिसका ऑनलाइन कंपनियों द्वारा दुरुपयोग किया जा रहा है।संगठन ने जोर दिया है कि दवा वितरण में फार्मासिस्ट की निगरानी और वैध प्रिस्क्रिप्शन की प्रक्रिया को सुनिश्चित किया जाए। एआईओसीडी के अध्यक्ष जे एस शिंदे और महासचिव राजीव सिंघल ने सरकार से आग्रह किया है कि वह जन स्वास्थ्य की रक्षा के लिए उचित कदम उठाए और दवा वितरण कानूनों की गरिमा बनाए रखने हेतु सभी हितधारकों को परामर्श प्रक्रिया में शामिल करें।

आंधी तूफान का कहर, 33 केवी लाइन पर गिरा नीलगिरी पेड़, एक घंटे रहा बंद मार्ग

हरिभूमि, सिंग्रामपुर। दमोह जिले की अंतिम सीमा के ग्राम गुबरा में दमोह जबलपुर नेशनल हाईवे पर नीलगिरी का पेड़ 33 केवी लाइन पर गिरने से जाम की स्थिति निर्मित हो गई और सैकड़ों वाहनों सहित एम्बुलेंस जाम में फंस गई लेकिन जाम हटवाने के लिए जब विद्युत विभाग एवं पुलिस प्रशासन के अधिकारी नहीं पहुंचे तो स्थानीय लोगों की मदद से पेड़ कटवाकर ट्रैक्टरों के द्वारा सड़क से अलग किया गया तब कहीं जाकर जाम खुला है बताया जाता है 33 केवी लाइन पेड़ पर गिरने के बाद भी चालू रही लेकिन बिजली कंपनी के अधिकारियों द्वारा इस और कोई ध्यान नहीं दिया गया गनी मत रही की कोई बड़ा हादसा घटित नहीं हुआ।